सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 347 | इंदौर, सोमवार 26 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Delhi: राजधानी में लोगों को लगेगा महंगाई का करंट; 10 फीसदी तक बढ़ सकते हैं बिजली के दाम; DERC ने दी मंजूरी
2. Odisha Accident: ओडिशा के गंजम में भीषण बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत, सात घायल; सीएम ने किया मुआवजे का एलान

# मानसून की जोरदार इंट्री

## छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट में अति भारी बारिश का अलर्ट

## दमोह में शादी का टेंट गिरा, 8 घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तेज रफ्तार से आने के 24 घंटे में ही मानसून ने भोपाल में जोरदार एंट्री की। रविवार शाम 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक सीजन की सबसे तेज रफ्तार से बारिश हुई। 2 घंटे में ही 3 इंच पानी बरस गया। दमोह में तेज आंधी-पानी के बीच शादी का टेंट गिर गया। दमोह जिला अस्पताल के डॉक्टर अमित कुमार के मुताबिक, 'टेंट गिरने की वजह से घायल 7-8 लोगों को अस्पताल लाया गया। एक की स्थिति गंभीर थी, जिसे जबलपुर रेफर किया गया है। बाकी लोगों की स्थिति ठीक है।' बताया जा रहा है कि शादी फंक्शन शहर में जबलपुर नाका चौकी के करीब मैरिज गार्डन में चल रहा था।

सोमवार को छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में अति बारिश होने का अलर्ट है। यहां 4 इंच या इससे ज्यादा पानी गिरने का अनुमान है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, नरसिंहपुर और सागर में हेवी रैन हो सकती है। बाकी हिस्सों में बूंदाबांदी होने का अनुमान है। मानसून के एक्टिव होने से बिजली गिरने के मामले भी बढ़ सकते हैं, इसलिए मौसम विभाग ने एडवायजरी जारी की है।

### भोपाल में 29 जून तक हेवी रैन

राजधानी भोपाल में 29 जून तक हेवी रैन होने की संभावना है। 26 जून से लगातार चार दिन तक तेज बारिश होगी। इससे दिन और रात के तापमान में गिरावट होगी। 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोपाल में आ रहे हैं। इस दौरान भी बारिश हो सकती है।

### इन जिलों में 4 दिन बारिश

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला समेत कई जिलों में लगातार तीन से चार दिन भारी बारिश हो सकती है।



### इन जिलों में भारी बारिश

26 से 29 जून के बीच सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट में भारी बारिश हो सकती है। ढाई से चार इंच तक बारिश होने का अनुमान है।

### बालाघाट के रास्ते मानसून का मप्र में प्रवेश

आखिरकार तय तारीख से आठ दिन के विलंब के बाद शनिवार दोपहर दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बालाघाट, अनूपपुर जिलों के रास्ते प्रदेश में दस्तक दे दी है। 13 साल में तीसरी बार 24 जून को प्रदेश में मानसून आया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर तीन मौसम प्रणालियां बनी हुई हैं। अरब सागर, बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिलने से अगले 48 घंटों के दौरान मानसून प्रदेश के आधे हिस्से को कवर कर सकता है। उधर, शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रतलाम में 25, सतना में 24, गुना में 18, छिंदवाड़ा में 12, धार में सात, इंदौर में 4.9, खरगोन में तीन, उज्जैन में दो, भोपाल में 1.5, सागर में 0.8, ग्वालियर में 0.3 मिलीमीटर वर्षा हुई। राजगढ़ में बूंदाबांदी हुई।

### 5 दिन चल सकता है बारिश का दौर

शनिवार को मानसून बालाघाट, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, सिंगरौली जिलों में पहुंच गया है। लगातार नमी मिलने के कारण मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां भी काफी अनुकूल हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को सागर, नर्मदापुरम, शहडोल, रीवा, भोपाल, उज्जैन, इंदौर एवं जबलपुर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। रुक-रुक कर वर्षा का सिलसिला पांच दिनों तक चल सकता है। इस दौरान आलीराजपुर, झाबुआ एवं सागर में भारी वर्षा की चेतावनी भी जारी की गई है।

### अरब सागर, बंगाल की खाड़ी में मौजूद है चक्रवात

वर्तमान में बिपरजॉय उत्तर प्रदेश के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। ओडिशा और उससे लगे आंध्र प्रदेश के तट पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके रविवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। उत्तर-पूर्वी अरब सागर एवं उससे लगे गुजरात पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है।

# उफ...रेल प्रशासन को नहीं दिखती आम जनता की तकलीफ

## जरा सी बारिश में भर जाता है म्याना अंडरब्रिज में पानी, डेड बॉडी को ट्रेक्टर-ट्रॉली से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। प्रदेश सहित जिले में भी रविवार को मॉनसून ने दस्तक दे दी। जिले के सभी इलाकों में रविवार को बारिश हुई। सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक 16 मिमी बारिश दर्ज की गई। एक तरफ जहां मॉनसून से किसानों के चेहरे खिल गए, वहां दूरी तरफ कुछ इलाकों में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत म्याना रेलवे अंडरब्रिज में पानी भरने से हुई। यहां एक एम्बुलेंस दो घंटे तक फंसी रही। बाद में ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से डेढ़ बॉडी को ब्रिज पर कराया गया। वहीं शहर में सीवर लाइन के लिए खोदी गयी सड़क अब पानी मिलने से कीचड़ में तब्दील हो गयी। ऐसे में वहां कई वाहन फिसल गए।**

बता दें कि रविवार को जिले में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। जिले के लगभग सभी इलाकों में मॉनसूनी बारिश हुई। हालांकि, किसी भी इलाके में बहुत तेज बारिश नहीं हुई। सभी जगह रिमझिम-रिमझिम बारिश हुई है। इसी के साथ ही किसानों ने भी बोवनी शुरू कर दी है। हर इलाके में बोवनी शुरू हो गयी है। इस बार सोयाबीन का रकबा बढ़ने की संभावना है। वहीं मक्का की बोवनी भी काफी मात्रा में किसान कर रहे हैं। दो घंटे फंसी रही एम्बुलेंसआज म्याना में बारिश होने के कारण रेल्वे अंडर ब्रिज में पानी भर गया पानी अधिक होने के कारण कई घंटो तक आवागमन बाधित रहा। म्याना मार्ग यूपी, ललितपुर, नईसराय, अशोकनगर, चंदेरी को जोड़ता है। बता दें कि यह कोई नई समस्या नहीं है। जब से अंडर ब्रिज बना है उसी समय से म्याना वासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



रविवार की अंडर ब्रिज में पानी अधिक होने के कारण पूरन कुशवाह निवासी म्याना की डेड बॉडी क्रॉसिंग के समय फंस गई। मृतक पूरन कुशवाह का दो दिन पहले भदौरा घाटी पर एक्सीडेंट हुआ था। ग्वालियर में इलाज के दौरान यूनकी मौत हो गयी थी। ग्वालियर से बॉडी एंबुलेंस के द्वारा म्याना लाई जा रही थी। अंडरब्रिज में पानी होने के कारण 2 घंटे बॉडी फंसी रही। बाद में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से घर तक बॉडी को पहुंचाया। अंडर ब्रिज के पानी में कई वाहन बंद हो गए जिनको ग्रामीणों की मदद से धक्का देकर बाहर निकाला गया। दो पहिया वाहन चालकों ने जान जोखिम में डाल कर रेलवे क्रॉसिंग पार की। थाना प्रभारी म्याना विपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि किसी खेत वाले ने पानी का रास्ता बंद कर दिया था, जिससे दूर तक का पानी अंडर ब्रिज में पहुंच रहा था। पंप जितना पानी निकाल रहा था उससे दोगुना पानी अंडर ब्रिज में आ रहा था। पुलिस प्रशासन ने जेसीबी के माध्यम से पानी को निकासी कराई।

# आयुक्त द्वारा मेघदूत उपवन का निरीक्षण

## बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर जोनल अधिकारी को हटाया

● मेघदूत उपवन सफाई तथा अन्य व्यवस्थाएं ठीक नहीं होने पर दरोगा को किया सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आज सुबह 7:00 बजे से मेघदूत उपवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अभिषेक गहलोत अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा डीआर लोधी कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा मेघदूत उपवन निरीक्षण के दौरान मेघदूत में आने वाले राहगीरों एवं नागरिकों की सुविधा को देखते हुए, फाउंटेन की सफाई, वाकिंग ट्रेक बनाना फाउंटेन रिपेयर कर चालू करना पेवर ब्लॉक रिपेयरिंग, अनावश्यक उगी हुई घास की कटाई, साफ सफाई करना, उपवन के अंदर प्लास्टिक लाने से प्रतिबंधित करना, उपवन को जीरोवेस्ट बनाना, उपवन में स्थित कंपोस्ट पीट का संधारण कार्य, कुए के आसपास एप्रोच निर्माण के साथ ही उपवन में आवश्यक संधारण कार्य तथा उपवन के सौंदर्य करण के कार्यों के लिए कार्य योजना बनाने के संबंध में उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

आयुक्त श्रीमती सिंह के निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी जोन क्रमांक 5 श्री सुधीर गुलवे बिना किसी सूचना तथा बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित रहने पर आयुक्त द्वारा गुलवे को जोन से हटाने के निर्देश दिए गए । इसके साथ ही उपवन में सफाई व्यवस्था सुबह 7:30 बजे तक ठीक नहीं होने व सफाई कर्मचारियों के समय पर उपस्थित नहीं होने के साथ ही अन्य कमियां पाए जाने पर दरोगा श्री बंसी लाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए गए। विदित हो कि आयुक्त द्वारा समस्त उद्यानों में विजिटर आने के पहले सफाई करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही आयुक्त द्वारा उपवन के अंदर प्लास्टिक लाने पर रोक लगाने और उपवन को जीरो वेस्ट उपवन बनाने के भी निर्देश दिए गए।

# इंदौर कलेक्टर ने खेतों में चलाया ट्रेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने खेत में ट्रेक्टर चलाकर सबको हैरान कर दिया। उन्होंने गीले खेतों में आधे किमी तक खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान बांसों की खेती देखकर बहुत खुश हुए और किसानों के लगाव, जज्बे और मेहनत की सराहना की।**

दरअसल कलेक्टर शनिवार को देपालपुर में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान वे सुमठा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने किसान महेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा की जा रही बांस की खेती देखने की इच्छा जाहिर की। लेकिन यहां तीन दिन से हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भरा हुआ था और कीचड़ भी हो रहा था। ऐसे में खेतों तक कलेक्टर की गाड़ी नहीं जा पा रही थी।

ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कि कलेक्टर ट्रेक्टर में बैठकर खेतों में जाएं। तब कलेक्टर ने अपने सरकारी वाहन को साइड में खड़ा करवाया और ट्रेक्टर पर सवार हो गए। इतना ही नहीं उन्होंने ट्रेक्टर चलाने की इच्छा भी जाहिर कर दी। यह सुनकर किसान ने भी खुशी-खुशी कलेक्टर को ट्रेक्टर सौंप दिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों और किसानों के साथ बांस की खेती देखी। ग्रामीणों ने उनके फोटो-वीडियो भी बनाए।

कलेक्टर गिरोता गांव भी पहुंचे और यहां उन्होंने दुग्ध सहकारी समिति गिरोता द्वारा आयोजित बोनस वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर इंदौर दुग्ध संघ के अध्यक्ष मोती सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष उमराव सिंह मौर्य, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति गिरोता के अध्यक्ष हरिसिंह जाधव भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने लाभार्थियों को बोनस वितरित किया। उन्होंने शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गिरोता की स्मार्ट क्लास का शुभारंभ भी किया। कलेक्टर ने ग्राम मेंढकवास में स्थित शाला भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शाला परिसर में पूर्ण स्वच्छता रखी जाए तथा यहां बने पुराने भवन को डिस्मेंटल किया जाए।

# बच्चे की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए - शुक्ला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने नगर निगम की और ठेकेदार की लापरवाही से हुई बच्चे की मौत के लिए निगम के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की है ।

शुक्ला ने यहां जारी एक बयान में कहा कि इधर इस नगर में पानी के लिए खोदे गए लापरवाही के गड्ढे में गिर जाने के कारण 4 साल के बच्चे वंश की मौत हो गई । अब नगर निगम के महापौर के द्वारा यह कहा जाना निंदा जनक है कि इस मामले में निगम के द्वारा ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा । जरूरत तो अब इस बात की है कि इस तरह की जानलेवा लापरवाही करने वाले ठेकेदार के साथ-साथ इस लापरवाही को नजरअंदाज करते हुए उसमें सहभागी बनने वाले निगम के अधिकारियों के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए । शुक्ला ने कहा कि मौत के इस मामले में कानून अपना काम करेगा और पुलिस अपने तरीके से मुकदमा दर्ज करेगी । जरूरत इस बात की है कि नगर निगम की ओर से पुलिस को आवेदन देकर इस कार्य की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों के नाम की सूची दी जाए और पुलिस आग्रह किया जाए कि बालक की मौत के आपराधिक प्रकरण में इन सभी जिम्मेदार अधिकारियों को भी सह अभियुक्त बनाया जाएं ।

# इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा का 50 मंचों से पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत

● देश-विदेश के भक्तों और संतों ने अपने हाथों से खींचा भगवान का रथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजमोहल्ला स्थित खालसा स्टेडियम से आज दोपहर निकली इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा ने राजबाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक करीब चार किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग को हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन और भक्ति की रसधारा से सराबोर बनाए रखा। इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास, महामंडलेस्वर दादू महाराज, अखंडधाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के सानिध्य में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने सुसज्जित हाईड्रोलिक रथ का पूजन कर इस रथयात्रा का शुभारंभ किया और स्वर्ण निर्मित झाड़ू से यात्रा मार्ग बुहारने की भी शुरूआत की। शहर के अनेक धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, राजनेता एवं विद्वान भी इस यात्रा में भागीदार बने। समूचे मार्ग में करीब 50 स्वागत मंचों से भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के विग्रह का पूजन भी किया गया। देश-विदेश से आए इस्कॉन से जुड़े भक्तों ने भी समूचे मार्ग में अपनी भजन मंडलियों की मनोहारी प्रस्तुतियों से माहौल को पूरे समय भक्तिभाव से भरपूर बनाए रखा। रथयात्रा में शहर के 25 हजार से अधिक सभी वर्गों और धर्मों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# इंदौर बना रक्तदान में नंबर.1

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अनुराग सचदेव को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, लंदन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधीश श्री कोकजे पूर्व राज्यपाल हिमाचल प्रदेश, मुख्य न्यायाधीश राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट, मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मानवता कि पहचान संस्था के अध्यक्ष अनुराग सचदेव बताते हैं,पिछले साल वल्र्ड थैलेसीमिया डे 8 मई 2022 को, एक ही दिन में 951 यूनिट रक्तदान करवा कर वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स, लंदन में अपना नाम दर्ज कराया और वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, लंदन का कार्यक्रम डीएलएफ गार्डन सिटी के क्लब हाउस में संपन्न हुआ जिसमें अतिथि के रूप में कई आईएएस आईपीएस ऑफिसर उपस्थित रहे। संस्था रक्तदान के अलावा और भी कई क्षेत्रों में सक्रिय रूप से सेवा कार्य कर रही है, जैसे बस्तियों में जाकर बच्चों को शिक्षा और संस्कार देना, बुजुर्गों और लावारिस व्यक्तियों के इलाज व रहने की व्यवस्था करना, बेजुबान पशुओं के लिए अभियान चलाकर खाने की व्यवस्था करना, पर्यावरण संरक्षण के लिए सीड बाल बनाना,पेड़ लगाना, महिला सशक्तिकरण आदि अनेक क्षेत्रों में सेवा कार्य करती है।

## कटाक्ष




ⓒ www.detectivegroupreport.com

# आयुक्त द्वारा विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## खुदाई के दौरान बैरिकेडिंग नहीं करने पर एलएनटी कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आज सुबह से शहर में कई स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण की शुरूआत 78 नंबर स्कीम की गलियों से की गई जहां पर एलएनटी द्वारा पानी की लाइन डाली गई है और उसका रेस्टोरेशन का कार्य नहीं किया जाने से आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा अपर आयुक्त श्री अभिषेक गहलोत को एलएनटी कंपनी को नोटिस जारी करने और पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए, साथ ही एलएनटी कंपनी के मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाकर आगामी तीन दिवस में मीटिंग कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा अरण्य में चल रहे सीवरेज लाइन डालने के कार्य का अवलोकन किया तथा उक्त कार्य 10 दिन में पूर्ण करने के लिए संबंधित को निर्देशित गए, कार्य चलने के दौरान आवश्यक बैरिकेडिंग करने के भी निर्देश दिए गए। सदर बाजार रोड के विकास कार्य का अवलोकन किया गया उक्त रोड को आगामी 10 दिवस में मूवेबल बनाने के लिए कार्य करने हेतु संबंधित अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा को निर्देशित किया गया तथा इसके पश्चात स्मृति टॉकीज के पास बड़वाली चौकी चौराहे पर चल रहे नाले के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्मार्ट सिटी द्वारा तेली बाखल में पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य का अवलोकन किया गया इसके साथ ही मच्छी बाजार स्थित रिवर साइड के किनारे का कार्य रुका होने पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए । चंद्रभागा नाले का निरीक्षण किया तथा यहां पर आवश्यक बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए। भंवरकुआं चौराहे पर चल रहे रोड के कार्य की एक लाइन पूर्ण कर आगामी 7 दिवस में आवागमन चालू करने हेतु निर्देशित किया गया ।

आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि पाइप लाइन डालने के कार्य के लिए अलग-अलग टीम बनाई जाकर कार्य किया जावे जैसे खुदाई हेतु अलग टीम बनाएं, पाइप डालने के लिए अलग से टीम बनाएं, रेस्टोरेशन के कार्य हेतु अलग से टीम बनाई जाए, एक ही टीम से सभी कार्य कराने पर कार्य में देरी होती है तथा कार्य प्रभावित हो रहे हैं ।इसके साथ ही यह निर्देश भी दिए गए कि जहां पर भी कार्य किया जा रहा है वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त रूप से बैरिकेडिंग व अन्य इंतजाम किए जावे। कार्य के दौरान नागरिकों को तकलीफ नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे तथा नागरिकों के आवागमन, आने जाने की पूरी व्यवस्था की जाए।

# अमरनाथ यात्रा के लिए 175 यात्रियों का पहला जत्था रवाना

## ● भगवान भोले शंकर के जयकारों से गूंजा रेलवे स्टेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर से भगवान भोलेनाथ के भक्तों के रवाना होने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रविवार को शनि उपासक मंडल के तत्वावधान में अमरनाथ यात्रा के लिए शहर का पहला जत्था निजामुद्दीन एक्सप्रेस से जम्मू के लिए रवाना हुआ। इस दौरान रेलवे स्टेशन भगवान भोले शंकर के जयकारों से गूंज उठा।

यात्रा संयोजक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि यात्रा का आयोजन निरंतर 14 वर्षों से कर रहे हैं। यात्रा में वैष्णोदेवी के दर्शन, शिवाखोड़ी के दर्शन कर बालटाल के लिए बसों से रवाना होंगे। यात्रा के साथ नौ फीट ऊंचा त्रिशूल भी ले जाया जा रहा है, जो बाबा अमरनाथ को समर्पित किया जाएगा। सभी यात्रा बाबा अमरनाथ के दर्शन 1 जुलाई के पहले जत्थे में करेंगे।

### किया जोरदार स्वागत

सभी 175 श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत गीता भवन में राकेश गुप्ता, भावेश गुप्ता, गीताभवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम एस मनोज बाहेती ने किया। यात्रा का आयोजन प्रदीपजी भव्य रूप में करते हैं। साथ में रानी भाभी का सहयोग संपूर्ण रहता है।







# नशे से बचने के लिए बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी है। केवल शासन के भरोसे समाज से नशे को समाप्त नहीं किया जा सकता। युवाओं को नशे से बचाने के लिए शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन मिलकर, एक प्लेटफार्म बनाएं एवं सामाजिक न्याय विभाग, जिला प्रशासन, नारकोटिक्स तथा पुलिस विभाग, के सहयोग से पहले जागरूकता अभियान तथा बाद में नशा मुक्ति सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जाएं। शहर के विभिन्न संगठन मिलकर, यूनिवर्सल पीस एंड सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए सार्थक प्रयास करेंगे।

ये बातें समाजकार्य महाविद्यालय में यूनिवर्सल पीस एंड सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के पूर्व दिवस पर रविवार को आयोजित, नशा मुक्ति कार्यशाला में विभिन्न वक्ताओं ने कही।

## ● हमारे देश में करीब 13 प्रतिशत लोग नशे के आदी

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. रामगुलाम राजदान ने कहा कि नशा विश्वव्यापी समस्या है। समाज विकास जरूर कर रहा है किन्तु साथ ही साथ नशा भी बढ़ता जा रहा है। विकासशील एवं विकसित सभी राष्ट्रों में नशे को लेकर चिंता भी बढ़ती जा रही है। भारत में करीब 13 प्रतिशत लोग नशे के आदी हो गए हैं। नशे का कारोबार करने वाले चाहते हैं कि नशा बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि शासन तथा शासकीय विभाग नशा खत्म नहीं कर सकते, इसके लिए समाज के विभिन्न संगठनों एवं सेवाभावी लोगों को संगठित होकर सामूहिक प्रयास करना होगा । कार्यशाला में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अनिल भंडारी, डॉ राहुल माथुर, पूर्व डीआईजी धर्मेंद्र चौधरी, डॉ. एसएम होलकर, दिगंबर जैन समाज युवा समिति के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र काला, मुनीर भाई, प्रो. असद खान, रामेश्वर गुप्ता, मुकुंद कुलकर्णी आदि ने भी संबोधित किया ।

# खजराना गणेश मंदिर में सुनाई देगी गणेश वंदना और मंत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में अब हेरिटेज और स्पाइरल थीम पर सौंदर्यीकरण होगा। मंदिर परिसर में आकर्षक फव्वारें, लाइटिंग, प्ले गार्डन, रेलिंग प्लान्टेशन के काम होंगे। मंदिर में गणेश वंदना और मंत्र सुनाई देंगे। उक्त मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में शनिवार को निगम कमिश्नर हर्षिकासिंह द्वारा मंदिर में श्रद्धालु के लिए सुविधाओं के विस्तार के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से समीक्षा की गई।

# भव्य गुलाबी पधरावणी यात्रा में छाये रहे रामस्नेही

## छत्रीबाग रामद्वारा पर चातुर्मास का भव्य शुभारंभ, गोराकुंड रामद्वारा से निकली यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य, जगदगुरू स्वामी रामदयाल महाराज के सानिध्य में छत्रीबाग रामद्वारा पर होने वाले चातुर्मास का शुभारंभ आज सुबह गोराकुंड रामद्वारा से निकली भव्य पधरावणी यात्रा के साथ हुआ। गुलाबी परिधान में सजे-संवरे पांच हजार से अधिक भक्तों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ इस यात्रा में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज गोराकुंड से खजूरी बाजार, गोपाल मंदिर, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, सांठा बाजार , नरसिंह बाजार और छत्रीबाग रामद्वारा तक पूरे समय पैदल चले और शहर के भक्तों को शुभाशीष प्रदान किए। रामस्नेही संप्रदाय के इतिहास में यह अब तक कि सबसे बड़ी, दिव्य और अनुशासित पधरावणी यात्रा मानी जा रही है।**

गोराकुंड रामद्वारा पर सुबह से ही गुलाबी साफा, कुर्ता, धोती या पाजामा और जैकेट पहने पुरुष और गुलाबी परिधान में महिलाओं का आगमन शुरू हो गया था। जगदगुरू स्वामी रामदयाल महाराज गोराकुंड रामद्वारा के अतिथि कक्ष से जैसे ही अपने भक्तों के बीच पहुंचे, वहां मौजूद मंगल कलशधारी महिलाओं ने जयघोष के बीच उनकी अगवानी की। सैकड़ों मोबाइल कैमरे उनकी एक झलक को कैद करने के लिए चमक उठे। श्रद्धालुओं ने उनके आगे-आगे कारपेट (पगमंडे), बिछाए और बैंडबाजों पर भजनों की मनोहारी धुनों के बीच अलग-अलग समूहों में महिला पुरुषों का नृत्य शुरू हो गया। यह सिलसिला छत्रीबाग रामद्वारा तक निरंतर चलता रहा। खजूरी बाजार में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, राजबाड़ा पर विधायक आकाश विजयवर्गीय एवं छत्रीबाग रामद्वारा में वैष्णव विद्यापीठ के कुलाधिपति पुरुषोत्तम पसारी ने जगदगुरू का अभिनंदन कर उनके शुभाशीष प्राप्त किए।

# प्रतिभावान दिव्यांग विद्यार्थियों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सामाजिक न्याय विभाग इंदौर तथा समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल संस्था सक्षम द्वारा गांधी हॉल इंदौर में स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिभावान दिव्यांग विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने दिव्यांग विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों और दिव्यांग कलाकारों के लिए अनेक सौगात देने की घोषणा की। इस अवसर पर अजय सिंह तथा संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती सुचिता तिर्की बेक आदि भी उपस्थित थे ।

# सैकड़ों वकीलों की प्रैक्टिस खतरे में राज्य अधिवक्ता परिषद ने दी चेतावनी

## ● 30 सितंबर 2023 से पहले भरना होगा घोषणा पत्र या सत्यापन फार्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के सैकड़ों वकीलों की सनद खतरे में है। इन वकीलों ने बार-बार मौका दिए जाने के बाद भी अब तक न तो सनद का सत्यापन करवाया है, न इस संबंध में घोषणा पत्र भरा है। राज्य अधिवक्ता परिषद ने ऐसे सभी वकीलों को 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया है। इसके बाद भी ये वकील घोषणा पत्र नहीं जमा कराते हैं या सनद सत्यापन नहीं करवाते हैं तो इनकी प्रैक्टिस खतरे में पड़ जाएगी। ऐसे वकीलों को राज्य अधिवक्ता परिषद की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता और अन्य योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलेगा।

इंदौर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष गोपाल कचोलिया और सचिव घनश्याम गुप्ता ने बताया कि मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की प्रशासनिक समिति ने प्रस्ताव पारित किया है। इसमें कहा है कि बार कौंसिल आफ इंडिया सर्टिफिकेट एंड प्लेस आफ प्रैक्टिस वेरीफिकेशन नियम 2015 के अंतर्गत 1 अप्रैल 2011 के पूर्व नामांकित अधिवक्ताओं को वेरिफिकेशन फार्म भरना होगा। वहीं, 1 अप्रैल 2011 के बाद नामांकित अधिवक्ताओं को घोषणा पत्र आनलाइन भरना अनिवार्य है। वेरिफिकेशन फार्म और घोषणा पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023 है।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करें।
*****
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करें। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करें
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

# नरेंद्र तोमर का भाजपा से इस्तीफा

## राज्यमंत्री के दर्जे वाला पर्यटन निगम में उपाध्यक्ष का दायित्व भी छोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मांधाता विधानसभा से भाजपा के टिकट पर 2018 का चुनाव लडने वाले नरेंद्रसिंह तोमर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया हैं। वे कांग्रेस के नारायण पटेल के सामने चुनाव हारे थे, ऑपरेशन लोटस में पटेल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन कर उपचुनाव लड़ा और फिर विधायक बन गए। तोमर इसी बात से खफा चल रहे थे, यहीं वजह है कि सीएम शिवराजसिंह चौहान ने उन्हें पर्यटन निगम में उपाध्यक्ष का पद देकर राज्यमंत्री का दर्जा दिलाया। लेकिन 21 जून को उन्होंने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के सामने इस्तीफा पेश कर दिया।**

नरेंद्रसिंह तोमर के पार्टी से इस्तीफे वाले निर्णय को आपसी गुटबाजी के दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। मांधाता की राजनीति के जानकार बताते हैं कि, उन्होंने सिर्फ अपनों को चुनौती देने के लिए यह कदम उठाया है। वे कभी भी पाला नहीं बदलेंगे। यानी वे कांग्रेस ज्वाइन नहीं करेंगे। क्योंकि इस्तीफा दिए चार दिन हो गए हैं, ना कांग्रेस ने तोमर से संपर्क किया और ना ही तोमर ने कांग्रेस नेतृत्व से। उन्होंने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया है। वे अपने आफिशियल नंबर से सिर्फ सुबह के समय अपने करीबियों से बात कर रहे हैं।? एक समाचार पत्र को दिए बयान में नरेंद्र तोमर बताते हैं कि, उन्हें भाजपा ने सबकुछ दिया है। पार्टी के टिकट पर मांधाता सीट से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। 2003 में ठाकुर राजनारायणसिंह पुरनी और 2018 में नारायण पटेल से चुनाव हार गए।

### पटेल को टिकट ना मिले, अपने लिए जिलाध्यक्ष पद की आकांक्षा

मांधाता की राजनीति में सक्रिय एक जानकार बताते हैं कि, नरेंद्रसिंह तोमर का पार्टी से इस्तीफा देने का निर्णय स्वयं का ही है। वे भाजपा छोड़कर कोई दूसरी पार्टी ज्वाइन नहीं करेंगे। ना ही वे 2023 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार होंगे। वे सिर्फ यह चाहते हैं कि कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक नारायण पटेल को 2023 में भाजपा से टिकट ना मिले। दूसरी बात यह कि वे खुद भी टिकट की आस नहीं कर रहे हैं। वे इतने तो सुलझे हुए नेता हैं और जानते हैं कि भाजपा उन्हें दो बार मौका दे चुकी है। अब केवल और केवल नारायण पटेल को टिकट ना मिले जाए। फिलहाल वे खुद का भविष्य भी सुरक्षित करना चाह रहे हैं।

वे यह भी चाहते हैं कि भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उनकी जगह सामान्य वर्ग के नेता को जिलाध्यक्ष का पद दिया जाए। इस हिसाब से वे खुद ही जिलाध्यक्ष के पद के हकदार हैं। इसके पीछे मायने यह भी है कि सेवादास पटेल और नारायण पटेल दोनों गुर्जर समाज से है। यदि विधानसभा चुनाव के दौरान सेवादास पटेल जिलाध्यक्ष रहते हैं तो वे नारायण पटेल के टिकट के लिए संगठन की ओर से सिफारिश करेंगे। यहीं नरेंद्रसिंह तोमर की चिंता है, यदि वे संगठन में आते हैं तो पार्टी फोरम में नारायण पटेल की दावेदारी का विरोध करेंगे। खास बात यह है कि जिस दिन नारायण पटेल ने पत्रकारों से कहा कि, वे ही 2023 के भाजपा उम्मीदवार होंगे, उसी दिन नरेंद्रसिंह तोमर भोपाल में थे, उन्होंने पटेल और भाजपा को चुनौती देने को फैसला कर लिया।

बता दें कि नरेंद्रसिंह तोमर खंडवा विधानसभा के केहलारी ग्राम के निवासी हैं। 2003 में केहलारी ग्राम निमाडखेड़ी विधानसभा में आता था। 2008 में परिसीमन हुआ और निमाडखेड़ी विधानसभा को मांधाता विधानसभा का नाम मिल गया।? तोमर के कांग्रेस में जाने की अटकलों को लेकर जानकार बताते हैं कि, 2003 के चुनाव में वे सिर्फ 3 हजार वोट से हारे थे। 2008 में उनका टिकट काटकर लोकेंद्रसिंह तोमर को दिया गया। 2018 में हारे और 2019 के उपचुनाव में फिर टिकट काटकर पटेल को टिकट दिया। यानी उन पर 2008 के बाद 2019 में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। तब उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन नहीं की तो अब 2023 में क्यों करेंगे। तोमर खंडवा कृषि उपज मंडी और एनएचडीसी के डायरेक्टर रह चुके हैं।

# फंदे पर मिले पति-पत्नी और बेटे के शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में रविवार दोपहर एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव फंदे पर लटके मिले। घटना रामपुर के छापर इलाके की है। यह एरिया गोरखपुर थाने में आता है। शुरूआती जांच में पुलिस का मानना है कि बच्चे को फंदे पर टांगने के बाद पति-पत्नी ने आत्महत्या की है। परिवार का मकान शुक्रवार रात से बंद था। रविवार दोपहर मामले का पता तब लगा, जब मोहल्ले में ही रहने वाले बड़े भाई ने दरवाजा तोड़कर देखा।

सीएसपी प्रतिष्ठा सिंह ने बताया कि रविशंकर बर्मन (40), उनकी पत्नी पूनम बर्मन (35) और बेटे आर्यन बर्मन (10) के शव एक ही कमरे में फंदे पर मिले हैं। पुलिस ने सबसे पहले बेटे को फंदे से नीचे उतारा, फिर मां और आखिर में पिता को नीचे उतारा। तीनों की लाश सड़ चुकी थी और गंध आ रही थी।

मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने भी छानबीन की है। परिवार को आखिरी बार शुक्रवार रात को देखा गया था। आत्महत्या को कितना समय हुआ है? यह पोस्टमॉर्टम के बाद रिपोर्ट आने पर पता चल पाएगा। रविशंकर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) थे।

नरसिंहपुर से लौटा था परिवार

रविशंकर के बड़े भाई संतोष बर्मन ने बताया, ह्यशुक्रवार को तीनों नरसिंहपुर से लौटे थे। पूनम का मायका नरसिंहपुर में है। इसी रात इनका बेटा मेरी बेटी के साथ खेलने भी आया था। इसके बाद इनका दरवाजा बंद हो गया। शनिवार सुबह मां ने दरवाजा खटखटाया। कोई नहीं उठा। सोचा कि दूर का सफर कर आए हैं, थके होंगे, इसलिए सो रहे होंगे। शाम को भी दरवाजा खटखटाया। ये नहीं उठे। रविवार सुबह फिर दरवाजा खटखटाया। सोचा कि इतना क्यों सो रहे हैं, कारण क्या है? इसके बाद हमने सुबह करीब 11 बजे दरवाजा तोड़ा। अंदर तीनों फंदे पर लटके थे। मैंने दरवाजा लगाकर मोहल्लेवालों और फिर पुलिस को जानकारी दी।

### ● पति-पत्नी में अच्छे रिश्ते थे

संतोष के अनुसार, ह्यभाई ने कभी कोई परेशानी का जिक्र नहीं किया। अगर बताते तो सॉल्व करते। लेकिन, कोई न कोई कारण तो है। कर्ज वगैरह की भी बात कभी नहीं कही। हां, परेशान रहता था। पति-पत्नी में आपस में भी अच्छे रिश्ते थे। भाई सिर्फ काम से मतलब रखता था और सीधे घर आता था। ऐसा कदम क्यों उठाया, नहीं जानता।

# घायल पुलिसकर्मी ने दम तोड़ा

## इंतजार कर रहे थे परिजन, ड्यूटी से लौटते समय अज्ञात वाहन ने जवान को मारी टक्कर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बेहट में अज्ञात भारी वाहन की टक्कर लगने के बाद घायल हुए पुलिस जवान की रविवार को मौत हो गई। घटना दो दिन पहले की है। उटीला थाना से ड्यूटी करने के बाद पुलिसकर्मी अपने घर के लिए निकला था। घर पर परिजन उसके आने का इंतजार कर रहे थे और वह रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो चुका था। पुलिस कर्मी की मौत की खबर के बाद बेहट थाना पुलिस अस्पताल पर पहुंची और शव को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही पुलिस जवान को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

भिण्ड के मौ कस्बा निवासी 29 वर्षीय संजू यादव पुलिस जवान है और अभी उटीला थाने में पदस्थ हैं। दो दिन पहले वह ड्यूटी करने के बाद वापस अपने घर जा रहा था। अभी वह बेहट थाना क्षेत्र में पहुंचा ही था कि तभी तेज रफ्तार आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक अपना वाहन भगा ले गया। घटना का पता उस समय चला जब वहां से अन्य वाहनों में सवार लोगों ने सडक़ पर घायल जवान को पड़े देखा तो सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बेहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जवान को उपचार के लिए भर्ती करा दिया। जहां पर रविवार तडक़े जवान की मौत हो गई है। जवान की मौत का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

**घर जल्दी आने की कहा फिर कभी नहीं लौटा-** दो दिन पहले ड्यूटी पूरी करने के बाद जब पुलिसकर्मी अपने थाना से निकल रहा था तो उसने घर पर जल्दी पहुंचने की बात अपने परिजन से की थी, लेकिन वह फिर कभी लौटा ही नहीं। घर पर परिवार उसका रात के खाने पर इंतजार कर रहा था और वो अनजाने हादसे का शिकार हो गया था।

**सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस-** पुलिस जवान को कुचलने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस थाने से लेकर हाइवे तक लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, जिससे पुलिस को कोई सुराग मिल सके। पर अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

# जमीन विवाद में पोते पर प्राणघातक हमला

**उज्जैन।** नागझिरी थाना अंतर्गत लालपुर निवासी दादा ने जमीन के लालच में संतान को पैतृक संपत्ति के वंचित करते हुए उस पर तलवार से प्राणघातक हमला करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी सेवाराम पिता देवजी अंजना की लालपुर में 35 बीघा जमीन हैं जिस पर उनके पुत्र कमल पिता सेवाराम की मृत्यु के बाद उनके पौत्र आदर्श आंजना के द्वारा पैतृक जमीन में से 17 बीघा जमीन पर खेती की जा रही थी,किंतु दादा के मन में पौत्र को सम्पत्ति से वंचित करने व पुत्री को संपत्ति देने की नियत से अपनी पुत्री संदेशबाई पति विजय आंजना निवासी शक्करवासा को देने की बात कही। जिस पर पौत्र आदर्श आंजना ने आपत्ति जताई तो दादा सेवाराम ने उसे खेत बुलाकर बात करने को कहा जब आदर्श खेत पर पहुंचा तो दादा ने उस पर तलवार से प्राणघातक करने के साथ ही टैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# चोरी की आरोपी 30 हजार की इनामी महिला गिरफ्तार

## बच्ची को सम्मोहित कर चुराए थे जेवर, इलाज में लगाया पैसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल पुलिस ने टीटीनगर इलाके में सम्मोहित कर चोरी करने वाली बुजुर्ग महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला पुलिस को करीब डेढ़ महीने से चकमा देकर फरार चल रही थी। पुलिस ने महिला पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। सीसीटीवी और मुखबिरों मदद से पुलिस टीमें भोपाल से सटे जिलों में भी महिला की तलाश कर रही थीं। शनिवार को पुलिस ने शिवपुरी से महिला को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी का कुछ सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस महिला से अन्य मामलों की पूछताछ भी कर रही है।

टीआई चैनसिंह रघुवंशी ने बताया कि 45 बंगले के पास बाणगंगा, टीटी नगर के रहने वाले डॉक्टर अरविंद यादव के घर से 10 मई को महिला ने ज्वेलरी चोरी कर ली थी। डॉक्टर यादव और उनकी पत्नी जॉब पर गए थे। घर पर 9 साल की बेटी श्रृंखला अकेले थी। दोपहर करीब 12 बजे एक महिला चंदा मांगने के बहाने आई और खिडकी से घर का जायजा लिया। बच्ची से माता-पिता के बारे में पूछा। जब उसे पता चला कि बच्ची घर में अकेली है, तो एक युवक के साथ घर में घुस कर चोरी की घटना को अंजाम दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला की तलाश में टीमें लगाई गईं। सीसीटीवी की मदद से महिला का हुलिया पता चल गया था, लेकिन वो लगातार पुलिस को चकमा दे रही थी। इसके बाद उस पर 30 हजार रु. का इनाम घोषित किया गया। पुलिस को महिला की पचौर में होने की लोकेशन मिली। लेकिन, जब तक टीम पहुंची, महिला अपने परिवार के साथ वहां से भाग गई थी। फिर बेटी-दामाद पर दबाव गया। इसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज से महिला को शिवपुरी से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी महिला की पहचान बोगड़ी पचोर राजगढ़ की रहने वाली मिश्री बाई (55) पत्नी हरि नाथ के रूप में हुई। महिला ने पूछताछ में चोरी की घटना को स्वीकार किया।

### चोरी के पैसों से गिरवी रखी गाड़ी छुड़ाई

महिला ने बताया कि उसने चोरी का सोना पचौर में एक सुनार को बेचा। वहां से उसे 7 लाख रुपए मिले। उन पैसों से गिरवी रखी गाड़ी छुड़ाई और बाबू जी के इलाज में लगा दिया। इसके बाद फरारी काटने के लिए दिल्ली निकल गई। पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर लिया है। महिला के साथ जो युवक शामिल था, उसकी तलाश कर रही है।

# पानी से भरे गड्ढे में डूबा बालक

## बीट प्रभारी बचाने कूदे, अस्पताल में हो गई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी के दिनारा थाना क्षेत्र फूला माता मंदिर के पास अवैध रुप से खोदें गए गड्ढे में नहाने गए 13 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बालक को बचाने का भरसक प्रयास किया था। दिनारा थाना पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

**बकरे का पूजापा देने माता-पिता के साथ ग्वालियर से आया हुआ था परिवार-** जानकारी के अनुसार, 13 साल का बालक ध्रुव रजक अपने पिता नीरज रजक और मां अनिता रजक के साथ अपने मामा मोनू रजक के परिवार के घर फूला माता मंदिर पर बकरे के पूजापा में शामिल होने आया था।

**बीट प्रभारी ने छलांग लगाकर बचाई जान-** इस दौरान ध्रुव रजक मंदिर के पास बने एक पानी से भरे गड्ढे में अन्य बच्चों के साथ नहाने चला गया। ध्रुव रजक गड्ढे की गहराई को नहीं भांप सका और पानी में नहाने उतर गया। ध्रुव को डूबता हुआ देख अन्य बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया, जिसे सुन उसके माता-पिता सहित उसके मामा मौके पर पहुंच गए। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी विनोद गौतम ने बालक को डूबता देख वर्दी में ही गड्ढे में छलांग लगा दी। तत्काल बालक को गड्ढे से बाहर निकाला गया। इस दौरान परिजन माता के जयकारे लगाते रहे। बालक को तत्काल झांसी के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**अध्यात्म जगत में गुरु का शरीर उपस्थित होना आवश्यक नहीं है, अपने गुरु के विचारों को स्मृति में रखकर उनसे संवाद करें।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### सेकेंड लेफ़्टिनेंट रामा राघोबा राणे



(जन्मः 26 जून, 1918 – मृत्युः 11 जुलाई, 2011)
परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक हैं। इन्हें यह सम्मान सन् 1948 में मिला था। राघोबा राणे का जन्म 26 जून 1918 को धारवाड़ जिले के हवेली गाँव में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा, पिता के एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण (ट्रांसफ़र) के कारण बिखरी-बिखरी सी हुई। तभी 1930 में असहयोग आन्दोलन शुरू हुआ जिससे राघोबा राणे बेहद प्रभावित हुए और ऐसा लगा कि वह इस आन्दोलन में सब कुछ छोड़कर कूद पड़ेंगे। लेकिन इस स्थिति के आने के पहले ही इनके पिता अपने परिवार सहित अपने पैतृक गाँव चेंडिया आ गए। 1940 में दूसरा विश्व युद्ध तेजी पर था। राघोबा के भीतर भी कुछ जोश भरा जीवन जीने की चाह थी तो उन्होंने भारतीय सेना में जाने का मन बनाया। उनकी इच्छा रंग लाई और 10 जुलाई 1940 को वह बॉम्बे इंजीनियर्स में आ गए।

## संपादकीय

### अफवाहों से घोल रहे जहर

जम्मू-कश्मीर में स्थानीय लोग सुरक्षा बलों के खिलाफ नफरत और संदेह से भरे रहते हैं और दहशतगर्दों को पनाह देते रहते हैं। अफवाहों के जरिए सबसे अधिक जहर घोला जाता है युवाओं के मन में। उन्हें समझा दिया जाता है कि किस तरह सुरक्षा बलों ने उनके किसी परिजन के साथ ज्यादती की या हत्या कर दी। फिर वे आक्रोश में भर कर हाथों में बंदूक उठा लेते हैं। हाल में एक अफवाह को सच साबित कर दिया वहां के दो चिकित्सकों ने अपने शव परीक्षण की रिपोर्ट के जरिए। उन्होंने कहा कि वास्तव में सुरक्षा बलों ने उन महिलाओं के साथ बलात्कार किया था। उसके बाद पूरी घाटी में तनाव का माहौल बन गया था और करीब डेढ़ महीने तक अशांति बनी रही। अब पता चला है कि उन महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ ही नहीं, बल्कि उनकी मौत डूबने से हुई थी। बलात्कार की अफवाह इसलिए फैलाई गई थी कि स्थानीय लोगों को सुरक्षा बलों के खिलाफ भड़काया जा सके। अब असलियत सामने आने के बाद दोनों चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब उपद्रवी तत्त्व वहां स्थानीय लोगों को प्रशासन और सुरक्षा बलों के खिलाफ भड़का कर अपनी साजिशों को अंजाम देने की कोशिश करते रहे हैं। दरअसल, घाटी में प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच नजदीकी इसीलिए नहीं बन पाती कि अलगाववादी और आतंकी संगठन वहां के लोगों के मन में यह बात भर चुके हैं कि सुरक्षा बलों की ज्यादती की वजह से ही उनके जीवन में शांति नहीं आ पा रही। सुरक्षा बलों की छवि स्थानीय लोगों में आततायी की बना दी गई है। लोगों को बिना किसी सूचना के घरों से उठा लेना और फिर उनका कोई पता न चल पाना। बेगुनाह लोगों को भी गोली मार देना, महिलाओं के साथ बलात्कार आदि के किस्से खूब प्रचारित हैं। अक्सर इन धारणाओं को मानवाधिकार संगठनों की तरफ से भी बल मिलता रहा है। यही वजह है कि नागरिक ठिकानों से सुरक्षा बलों को हटाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। इससे एक तरह से आतंकवादी संगठनों को ही लाभ मिलता रहा है।

### अर्ज़ किया है..!

*तुझे पाने की कोशिश में*
*कुछ इतना खो चुका हूँ मैं*
*कि तू मिल भी अगर जाए तो*
*अब मिलने का ग़म होगा*

– वसीम बरेलवी

## ज्योतिषीय ज्ञान- विज्ञान

# शनि 17 जून से हुए वक्री...

## सबसे पहले रिश्ते खत्म करता है शनि !

शनि 17 जून 2023 से वक्री हो गए है। वक्री होने के 3 दिन पहले से शनि का प्रभाव प्रारंभ हो जाता है और वक्रत्व काल समाप्त होने के 3 दिन बाद तक प्रभाव रहता है। शनि के बारे में अब तक यही माना जाता है कि वे कर्मफल दाता हैं और न्यायाधिपति कहलाते हैं लेकिन शनि का दूसरा पक्ष यह है कि वे जब-जब वक्री होते हैं तब-तब सबसे पहले जातकों के रिश्तों को प्रभावित करते हैं। शनि जातकों के मस्तिष्क और बुद्धि को प्रभावित करके सबसे पहले उन चीजों, लोगों, वस्तुओं से दूर करते हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा प्रिय होती है। चाहे वह कोई प्रियजन हो, कोई प्रिय वस्तु हो, कोई प्रिय पदार्थ हो, कोई प्रिय शहर, प्रिय नौकरी, प्रिय बिजनेस, प्रिय पशु-पक्षी ही क्यों न हों, शनि कुछ ऐसा चक्र रचते हैं कि मनुष्य से उनकी सर्वाधिक प्रिय वस्तुएं दूर हो जाती हैं। शनि यह सब अपनी न्याय प्रक्रिया के तहत करते हैं, ताकि मनुष्य मजबूत बनकर, एकांत में रहकर अपनी छूट चुकी वस्तुओं का महत्व समझ सके।



शनि 17 जून से 4 नवंबर तक वक्री रहेंगे। इन 140 दिनों में अनेक राशियों के जातकों के रिश्ते खराब होंगे, रिश्तों से भटकाव होगा, यह इसलिए होगा ताकि मनुष्य उन रिश्तों की सच्चाई समझ सकें, अपनों-परायों का भेद कर सके और आगामी जीवन में उन रिश्तों को सहेजने के प्रति सजग हो सके। इसलिए यदि शनि के इस वक्रत्व काल में आपका कोई रिश्ता छूट रहा है तो निश्चिंत रहें, धैर्य रखें, संयम रखें, वो रिश्ता आपके जीवन में पुनः नई ऊर्जा, नई उम्मीदों, नए सपनों के साथ आएगा।

### ● किन पर प्रभाव ज्यादा

1. कुंभ राशि में गोचर कर रहे शनि की साढ़ेसाती मकर, कुंभ और मीन राशि पर चल रही है।
2. कर्क और वृश्चिक राशि पर शनि का लघु कल्याणी ढैया चल रहा है। इन पर प्रभाव अधिक रहेगा।

# सालों बाद सावन में बन रहे कई अद्भुत संयोग, इन 3 राशि के जातकों को मिलेगी सुख-समृद्धि!

सावन का महीना अपने साथ एक दुर्लभ और शुभ योग लेकर आ रहा है जो तीन राशियों के लिए धन और समृद्धि लाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन में इस साल सालों बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है। जिसका लाभ कई राशि के जातकों को मिलेगा। इस साल सावन 59 दिनों का होगा और इस बार सावन में कुल 8 सोमवार होंगे।

### ● कब से कब तक रहेगा सावन 2023

इस साल सावन 4 जुलाई 2023 से शुरू होकर 31 अगस्त 2023 तक रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, ऐसा सावन 19 वर्षों में देखने को मिलता है।

### ● सावन महीने के दुर्लभ संयोग का किन राशियों को मिलेगा लाभ

सावन माह के दौरान धनु, तुला और मीन राशि के जातक अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव का अनुभव करेंगे। जानें इन राशि के जातकों को भगवान शंकर की कृपा से क्या मिलेगा-



### ● धनु राशि

सावन के दौरान धनु राशि के जातकों पर भगवान शिव की कृपा दृष्टि बनी रहेगी। आप अपने जीवन में सकारात्मकता की वृद्धि का अनुभव करेंगे, जिससे आप अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। कोई भी वैवाहिक परेशानी जो आपको परेशान कर रही थी वह दूर हो जाएगी और एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आपके सामने आ सकती है, जिससे पेशेवर विकास और सफलता मिलेगी।

### ● तुला राशि

तुला राशि वालों के लिए भी सावन शुभता लेकर आएगा। आपके सपने हकीकत में बदलेंगे और नौकरी के नए अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकते हैं। वेतन वृद्धि और आपकी ऊर्जा के स्तर में उछाल की प्रबल संभावनाएं हैं। भगवान शिव की विशेष कृपा आप पर बनी रहेगी, जिससे रुके हुए कार्य सफलतापूर्वक पूरे होंगे। सावन सोमवार का व्रत करने से आपको बहुत लाभ होगा।

### ● मीन राशि

मीन राशि के जातकों के लिए सावन का पवित्र महीना अनुकूल साबित होगा। आपके सभी सपने सच होंगे और भगवान शिव की विशेष कृपा आप पर बनी रहेगी। अगर आप विदेश यात्रा के लिए उत्सुक हैं तो यह समय हो सकता है जब आपकी इच्छाएं पूरी होंगी। इसके अलावा अगर आप वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं, तो सावन वह महीना हो सकता है जब आपका सपना पूरा हो सकता है। करियर के अच्छे अवसर आपके सामने आएंगे और सफलता और समृद्धि का अनुभव होगा।

## Highlights

1. Twitter user accuses MrBeast of 'making up' offer to ride Titanic submarine, he replies
2. 'What's happening in India,' PM Modi asked BJP Prez Nadda after returning from US, Egypt
3. 10 dead, 8 hurt after head-on collision between 2 buses in Odisha
4. Video of man riding scooty with 7 kids on it goes viral; Mumbai Police take action
5. Srinagar-Jammu IndiGo flight enters Pak airspace amid bad weather

# 'Can say very clearly that...': RBI governor Das on withdrawal of ₹2000 notes

**NEW DEIHI, (Agency).** The withdrawal of the ₹2000 currency note, announced last month by the Reserve Bank of India (RBI), will not have any negative impact on the economy, RBI governor Shaktikanta Das stressed on Monday.

"I can tell you very clearly that the ₹2000 currency note, that is being withdrawn from circulation, will not have any negative impact on the economy," Das told PTI in an exclusive interview.

The RBI governor, however, pointed to challenges such as 'uncertainties' that the Indian economy must deal with.

"There are two or three challenges. The first is international uncertainty, the second is the El Nino forecast, and others are mainly weather-related events," he remarked.



Also, the central bank has taken several measures, including raising policy rates in a 'calibrated' manner, and brought inflation down to less than 5%, the ex-bureaucrat further stated. On May 19, the RBI announced the withdrawal of the ₹2000 denomination notes, doing so as part of its currency management. The notes, however, continue to be legal tender, and people can exchange or deposit these at their nearest bank branch, with the deadline to do so being September 30. Additionally, a maximum of ten such notes can be exchanged or deposited in one go. There is however, no limit on the number of times these can be exchanged/deposited.

The ₹2000 denomination notes were introduced shortly after the demonetisation of November 8, 2016. The withdrawal, therefore, was described by the media as 'mini-demonetisation.'

# 'Bribes-for-jobs' scandal: 'No fraud by or against us', says Tata Consultancy Services

**NEW DEIHI, (Agency).** In a complaint to TCS higher-ups, a whistleblower had accused a senior staffing executive of 'accepting commissions from staffing firms for years.'

Tata Consultancy Services (TCS) has refuted allegations of 'fraud' in its recruitment process, as it responded to media reports of a 'bribes-for-jobs scandal' rocking the IT major.




"We probed the allegations made in the complaint, and found out that the charges do not involve any fraud by or against the company, and financial impact. The reference to the alleged scam is incorrect," TCS said in a statement to the exchanges on June 23. The 'scandal' was originally reported by HT's sister publication Mint earlier that day.

The 'complaint' was sent to TCS chief executive officer (CEO) K Krithivasan, and chief operating officer (COO) N Ganapathy Subramaniam, by a whistleblower, who alleged that ES Chakravarthy, the global head of its resource management group (RMG) 'accepted commissions from staffing firms for years.'

Manipur

# 12 बंकर तबाह, 135 गिरफ्तार, मोर्टार-IED भी बरामद... मणिपुर में सुरक्षाबलों का एक्शन तेज

**इंफाल, (एजेंसी) मणिपुर में करीब 2 महीने से हिंसा जारी है. इसी बीच पुलिस और सुरक्षा बलों ने भी उग्रवादियों के खिलाफ एक्शन तेज कर दिया है. सुरक्षाबलों ने पिछले 24 घंटे में हिंसा प्रभावित मणिपुर के विभिन्न जिलों में उग्रवादियों द्वारा बनाए गए 12 बंकरों को नष्ट कर दिया.**

मणिपुर पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने तमेंगलोंग, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और काकचिंग जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया. इस दौरान 12 बंकर्स को तबाह कर दिया. इतना ही नहीं सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को साहुमफाई गांव में एक धान के खेत में तीन 51 मिमी मोर्टार गोले, तीन 84 मिमी मोर्टार और आईईडी पाए गए. बम निरोधक टीम ने IED को भी नष्ट कर



दिया. पुलिस के मुताबिक, स्थिति तनावपूर्ण है लेकिन कुछ स्थानों पर नियंत्रण में है, कुछ छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन राज्य के अधिकांश जिलों में स्थिति सामान्य है. पुलिस ने कर्फ्यू उल्लंघन, घरों में चोरी, आगजनी के मामलों में 135 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि अब तक कुल 1100 हथियार, 13702 गोला-बारूद और विभिन्न प्रकार के 250 बम बरामद किए गए हैं. राज्य के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च, घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है. पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे राज्य में स्थिति सामान्य बनाने में हर संभव मदद करें. किसी भी अफवाह की स्थिति में कंट्रोल रूम 9233522822 पर सूचना दें. साथ ही हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक वापस पुलिस या सुरक्षाबलों के पास जमा कर दें. मणिपुर पुलिस और केंद्रीय बल राज्य के संवेदनशील इलाकों में गश्त, फ्लैग मार्च और घेराबंदी, तलाशी अभियान चला रही है.

मणिपुर हाई कोर्ट के एक्टिंग

Karnatka

## गला काटा, बहता खून पिया; पत्नी के करीब आने वाले को पति ने दी खौफनाक सजा

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** पहले पीटा, फिर चाकू से गला रेता और गर्दन से बहते खून को पिया। पत्नी के साथ बढ़ती नजदीकियों से नाराज पति ने एक शख्स को ऐसी खौफनाक सजा दे दी। हालांकि, समय पर उपचार मिलने के चलते उसकी जान बच गई। खास बात है कि इस पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई थी। मामला कर्नाटक के चिकबल्लापुर का है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मंड्यमपेट के कारोबारी 32 साल के विजय और करीब 30 वर्षीय मरेश एक-दूसरे को जानते थे। दरअसल, विजय चीजें बेचने के लिए गांव-गांव जाता था और मरेश के टाटा ऐस वाहन को किराये पर ले जाता था। इस दौरान मरेश और विजय की पत्नी की दोस्ती हो गई और दोनों के बीच फोन पर लंबी बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। साथ ही दोनों लगातार चैटिंग में भी समय गुजारने लगे। विजय ने पत्नी के सामने इस बात पर विरोध भी जताया था। बढ़ती नजदीकियों से नाराज विजय ने अपने कजिन जॉन बाबू से बात की। उसने बाबू से मरेश का वाहन लेने की प्लानिंग की। जब मरेश अपना वाहन लेकर पहुंचा तो विजय और बाबू उसे टमाटर दिखाने के बहाने बाइक पर ले गए। अब खेत पर जाने के बजाए दोनों ने कथित तौर पर एक सुनसान जगह पर वाहन मोड़ दिया और मरेश पर हमला कर दिया।

Uttarpradesh

## 9 दिन के बच्चे को अस्पताल में छोड़ नेपाल भाग गए माता-पिता, 20 दिन बाद मासूम की मौत

**लखनऊ,, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां इलाज के लिए लाए गए नवजात शिशु को उसके माता-पिता अस्पताल में छोड़कर नेपाल भाग गए. इसके बाद बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई. मामला, लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर का है. अस्पताल वालों ने कई बार बच्चे के परिजनों से संपकर्क करने की कोशिश की. लेकिन उनका फोन ही नहीं लगा. जानकारी के मुताबिक, नेपाल की रहने वाली महिला को बीते माह नेपाल में प्रसव हुआ था. बच्चे के पेट व सांस की नली आपस में जुड़ी थी. परिजन नेपाल से बच्चे को लेकर लखनऊ आए. यहां पर नेपाली सिडिकेंट के तहत काम करने वाले निजी अस्पतालों ने पहले इलाज नाम पर उनसे खूब पैसे वसूल लिए. फिर बच्चे की हालत गंभीर बताकर ट्रॉमा रेफर कर दिया. जब नवजात को ट्रॉमा सेंटर लाया गया तब वह 9 दिन का था. डॉक्टरों ने जांच पड़ताल बाद ऑपरेशन की सलाह दी. परिजन इलाज की रकम जुटाने की बात कहकर नेपाल चले गए.

Himachal Pradesh

## हिमाचल में भारी बारिश का तांडव, 6 की मौत भूस्खलन और बाढ़ की वजह से हाइवे बंद

**शिमला,, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून कहर बनकर बरपा है। भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं की वजह से कई जगहों पर सैलाब ही सैलाब दिखाई दे रहा है। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से राज्य में अलग-अलग जगहों पर कम से कम 6 लोगों की जान चली गई। वहीं लोगों की संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर पुल टूट गए हैं और मकान ढग गए हैं। इसके अलावा कई प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं। चंडीगढ़-मनाली हाइवे के भी तीन जगहों पर बंद होने की सूचना है। हिमाचल के सुजानपुर और हमीरपुर जिले में बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आ गई। यहां एक शख्स की डूबने से मौत हो गई। पूरे इलाके के नाले उफान मारने लगे। कुल्लू और मोहाल में नाले में तीन ट्रैक्टर और पांच अन्य वाहन बह गए। इसके अलावा चंबा के पास कम से कम 50 वाहन फंस गए। जानकारी के मुताबिक हमीरपुर में एक, सिरमौर-मंडी में दो-दो और चंबा में एक मौत हुई है। डूबने, भूस्खलन और सड़क हादसे की वजह से लोगों की मौत हुई है। मंडी में खोतीनाला और चारमील के पास हुए भूस्खलन के बाद सड़क पर बड़े0-बड़े पत्थर बिखर गए हैं। इसके अलावा यहां के नाले में पानी पुल के ऊपर से बहने लगा और पुल भी डैमेज हो गया। तेजी से बह रहे पानी में काफी मलबा भी आया है जिसकी वजह से हाइवे बंद हो गए। बताया जा रहा है कि दो ही दिन में मंडी में 300 एमएम से ज्यादा बारिश हो गई।

खेल

# झज्जर की 22 साल की गोल्फर दीक्षा ने जीता दूसरा लेडीज यूरोपीय टूर खिताब, पिछली बार चौथे स्थान पर रहीं थी

**चेकजिया (चेक गणराज्य), (एजेंसी)** हरियाणा में झज्जर की रहने वालीं प्रतिभाशाली गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दूसरा लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीत लिया। उन्होंने टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन में चार शॉट की जीत के साथ खिताब अपने नाम किया। बाइस साल की बाएं हाथ से खेलने वाली दीक्षा ने इससे पहले 2019 में एलईटी खिताब जीता था।

इसके अलावा लंदन में वह अरेमैको टीम सीरीज में विजयी टीम का हिस्सा थी। अब तक वह दो व्यक्तिगत खिताब के अलावा नौ बार शीर्ष दस में फिनिश कर चुकी हैं। इनमें में चार तो बार इस सीजन में ऐसा किया है। रविवार को उन्होंने दिन की शुरुआत पांच शॉट की बढ़त के साथ की। अंतिम राउंड में उन्होंने 69 का स्कोर किया और हफ्ते में सिर्फ एक बार ही बोगी लगी।

उन्होंने केवल पहले और



अंतिम शॉट ड्रॉप किया। दीक्षा की थाईलैंड की ट्रिचेट से टक्कर थी लेकिन उन्होंने अंतिम दिन नाइन शॉट से शुरुआत की थी। रविवार को दीक्षा शानदार लय में थीं। ट्रिचेट दूसरे स्थान पर रहीं जबकि फ्रांस की सेलिन हर्बिन को तीसरा स्थान मिला। रॉयल बिरोन क्लब में इस हफ्ते हवाओं के बीच भी अच्छा प्रदर्शन किया। वह 2021 में यहां संयुक्त चौथे स्थान पर रहीं थी।

दीक्षा भारत की दूसरी महिला गोल्फर हैं जिन्होंने एलईटी टूर पर खिताब जीता है। इससे पहले अदिति अशोक ने 2016 में इंडियन ओपन जीता था। यहीं नहीं दीक्षा इस साल जीतने वालीं दूसरी भारतीय हैं। इस सीजन में अदिति ने मेजिकल कैन्या लेडीज खिताब जीता था। दीक्षा ने पहला खिताब मार्च 2019 में दक्षिण अफ्रीकी ओपन के रूप में जीता था और अब चार साल, तीन महीने और 11 दिन बार दूसरी खिताबी सफलता हासिल की है।

दीक्षा ने इस साल बेल्जियन लेडीज में संयुक्त रूप से छठा स्थान हासिल किया। वह हेलसिनबोर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त आठवें और एमुंडी जर्मन मास्टर में पिछले हफ्ते संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

दीक्षा दो बार डेफलंपिक (बधिरों के लिए ओलंपिक) में दो बार पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने 2017 में रजत पदक और 2021 में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उसके बाद उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया और ऐसी पहली गोल्फर बनीं जिसने डेफ ओलंपिक और मुख्य ओलंपिक दोनों जगह हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में भी हिस्सा लिया था।

दीक्षा को बचपन से ही सुनने में दिक्कत है। वह छह साल की उम्र से ही मशीन की मदद से सुनती रही है। परिवार की मदद से उन्होंने अपनी तमाम चुनौतियों को पार करते हुए गोल्फ में सफलता हासिल की। उनके पिता कर्नल नरिंदर डागर ही उनके मार्गदर्शक, कोच और कैडी रहे हैं।

सिनेमा

## आलिया सिद्दीकी ने मजबूरी में चुना बिग बॉस, बोलीं- किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना चाहती



नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी एक्स वाइफ आलिया सिद्दीकी के बीच हुई कंट्रोवर्सी ने पिछले कुछ समय में काफी सुर्खियां बटोरी हैं. विवादों के बाद अब आलिया सिद्दीकी को बिग बॉस ओटीटी 2 में देखा जा रहा है. शो में एंट्री करने से आलिया ने आजतक.इन से बात की थी.

हमने उनसे पूछा बिग बॉस में जाने का मूल मकसद क्या है? उन्होंने कहा, 'मैं दो मकसद से इस शो में इंटर कर रही हूं. पहली तो ये कि मैं लोगों को असल में आलिया कौन है, वो दिखाना चाहती हूं. दूसरी वजह मेरी फाइनैंशियल मजबूरी है. मैंने नवाज से समझौते के दौरान कोई पैसे की डिमांड नहीं की है. मैं अब सिंगल मदर हूं और मैं नहीं चाहती कि किसी के आगे हाथ फैलाऊं. मैं खुद अपने बच्चों की परवरिश करना चाहती हूं. आगे बढ़ने के लिए यह दोनों ही चीजें बहुत जरूरी हैं.' आलिया सिद्दीकी से जब हमने पूछा कि क्या वो बिग बॉस के घर पर अपनी और नवाज की कंट्रोवर्सी पर अपना पक्ष रखेंगी. इसके जवाब में उन्होंने कहा था, 'मैं जो ये जर्नी तय करने जा रही हूं, ये मेरे खुद के लिए है. मैं खुद से तो इन चीजों को डिस्कस नहीं करने वाली हूं. मैं पास्ट व उससे मिले जख्म को निकालने के लिए तो बिलकुल भी नहीं कर रही हूं. मैं चाहती हूं कि मैं वहां किसी की एक्स पत्नी के रूप में नहीं बल्कि अपनी पर्सनैलिटी की वजह से पहचानी जाऊं. मैं यहां लोगों को रियल आलिया ही दिखाने वाली हूं. शायद मुझे देखकर लोग समझें कि पास्ट में मैंने जो कदम उठाया था, वो कितना सही और वाजिब था.'

पत्नी के मायके जाने के बाद उठाया खौफनाक कदम ...

# युवक ने जहर खाकर दी जान

## कुक ने भी फांसी लगाकर की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में रहने वाले युवक ने पत्नी के मायके जाने के बाद खौफनाक कदम उठाते हुए जहर खाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि एक दिन पहले ही पत्नी मायके गई थी। संभवतः दोनों के बीच किसी बात को लेकर मतभेद हुए होंगे। जिसके बाद पति ने यह कदम उठा लिया। पुलिस को घर से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।**

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक गौरीशंकर (25) पिता रेवा राम रोकड़े की जहर खाने के कारण मौत हो गई। गौरीशंकर को शनिवार को एमवाय अस्पताल में रिश्तेदारों ने भर्ती कराया था। यहां रविवार शाम उसने दम तोड़ दिया। रिश्तेदार महेश ने बताया गौरीशंकर निजी कंपनी की गाड़ी चलाता था। शनिवार को वह काम पर नहीं गया। जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया।

एक दिन पहले शुक्रवार को गौरीशंकर की पत्नी ज्योति अपने मायके खरगोन के पास नालदड़ी ग्राम में गई थी। संभवतः पत्नी के जाने के समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई होगी। पुलिस के मुताबिक अभी पत्नी के बयान नहीं हो पाए हैं। गौरीशंकर का एक चार साल का बेटा भी है।

इसी प्रकार तिलक नगर इलाके में रहने वाले एक कुक ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। दोपहर में दोस्तों ने उसे फंदे पर लटके देखा। जिसके बाद एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तिलकर नगर पुलिस के मुताबिक गौतम पुत्र मधु बालसे निवासी पिपल्याहाना ने रविवार को फांसी लगा ली।

गौतम पेशे से कुक हो था और एक रेस्टोरेंट में काम करता था। परिवार में एक बड़ा भाई और माता-पिता हैं। गौतम रविवार दोपहर घर पर अकेला था। इस दौरान उसने यह कदम उठा लिया। परिवार के लोगों के मुताबिक गौतम मोबाइल नहीं चलाता था। अभी किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। गौतम के पिता धामनोद में रहते हैं। वह इंदौर में मां और भाई के साथ रहता था। पुलिस के मुताबिक फिलहाल मामले में जांच जारी है।

# बायपास पर हादसे में ड्राइवर की मौत

## ट्रक में पीछे से घुसी मिनी लोडिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेजाजी नगर ब्रिज पर देर रात हुए एक हादसे में ड्रायवर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीछे से मिनी लोडिंग एक ट्रक में घुस गई थी। हादसे में मिनी लोडिंग का ड्रायवर गंभीर रूप से घायल हुआ था। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक घटना रविवार रात करीब 3 बजे की है।

बायपास के ब्रिज पर टाटा एस वाहन लेकर जा रहे मंसूर (36) पुत्र सरदार पटेल निवासी ग्राम धन्नड पीथमपुर हादसे का शिकार हो गया। बताया जाता है कि रात में आगे चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। मंसूर की गाड़ी पीछे से ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में मंसूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

रिश्तेदार युसुफ ने बताया कि वह निजी कंपनी का माल खाली करने भोपाल गया था। यहीं से वह रात में अपने घर पीथमपुर के लिये वापस आ रहा था। मंसूर के परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा होने वाले ट्रक के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# हेड कांस्टेबल पर रिश्वत का आरोप, टीआई को शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एमवाय अस्पताल से एंबुलेंस संचालित करने वाले चालकों ने संयोगितागंज थाने पहुंचकर टीआई को चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि नागदा में रेल हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के शव को ए बुलेंस से ले जाने के लिए पीएम के दस्तावेज मांगने पर एक हेड कांस्टेबल ने 500 रुपए वसूल लिए। शिकायत के बाद पुलिस ामले की जांच कर रही है।**

नागदा में हुए रेल हादसे में दीपक कहार घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए उज्जैन लाया गया वहां से एमवाय रैफर किया गया। दीपक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दीपक गंगापुर राजस्थान का रहने वाला था। परिजनों ने उसके शव को ले जाने के लिए एंबुलेंस की बुकिंग की। एंबुलेंस लेकर अमन प्रजापत निवासी लोकनायक नगर पीएम कक्ष से शव ले जाने के लिए पहुंचा था। आरोप है कि एमवाय चौकी पर पदस्थ हेड कांस्टेबल दिनेश यादव ने एंबुलेंस को रोक दिया। हेड कांस्टेबल को पीएम से संबंधित दस्तावेज तैयार करने थे। शव को एंबुलेंस में रखने के लिए उसने दीपक के परिजनों से 500 रुपए ले लिए उसके बाद ही पीएम के दस्तावेज तैयार किए और शव को एंबुलेंस में रखने दिया। अमन प्रजापत ने हेड कांस्टेबल दीपक यादव की लिखित शिकायत संयोगितागंज थाने में टीआई तहजीब काजी से की है। उसके साथ अन्य एंबुलेंस वाले भी थाने पहुंचे थे। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## महिला को किया ब्लैकमेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला की वाट्सएप चैटिंग से शुरू हुई बातचीत ब्लैकमेलिंग तक पहुंच गई। संयोगितागंज पुलिस ने ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज कर लिया है। काल डिटेल और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित को ढूंढ रही है।

पुलिस के अनुसार, शिवपुरी निवासी महिला एक हास्टल में नौकरी करती है। शुरूआत 18 फरवरी से हुई थी। महिला के मोबाइल पर दो नंबरों से मैसेज आने लगे। आरोपी ने रोहित त्रिपाठी और सोनू नाम बताया। दोनों चैटिंग करने लगे। वाट्सएप कॉल करते थे, लेकिन चेहरा कभी नहीं दिखाते थे। एक दिन उसने ज्वेलरी के फोटो भेजे और कहा कि नाप के लिए गले का फोटो भेजो। आरोपी ने महिला के फोटो मंगवा लिए। लोन स्वीकृत करवाने के लिए आधार कार्ड भी ले लिया। बाद में फोटो एडिट कर ब्लैकमेल करने लगा। धमकाकर आपत्तिजनक वीडियो बनवा लिया। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये मांगे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया, लेकिन आरोपी ने धमकाना बंद नहीं किया। मामले में पुलिस का कहना है कि मोबाइल नंबरों के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दो वाहन चोर पकड़ाए पांच गाड़ियां बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे की जरूरत को पूरा करने के लिए वाहन चुराते थे।**

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर थाना चंदन नगर के साथ संयुक्त कार्यवाही कर दोपहिया वाहन चोरी करने वाली गैंग के शातिर आरोपी मोहम्मद फतेह नि चंदन नगर इंदौर, एवं गुलफाम मोहम्मद निवासी संयोग नगर थाना चंदन नगर इंदौर को पकड़ा जिनसे इंदौर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 5 चुराई गई मोटर साइकिल बरामद की गई।

आरोपी से पूछताछ करते,आरोपीयो के द्वारा थाना चंदन नगर से क्षेत्र से 03, थाना मल्हारगंज क्षेत्र से 01, थाना जूनी इंदौर क्षेत्र से 01 मोटरसाइकिल को चोरी कर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं आरोपी गुलफाम पिता गुलाम मोहम्मद ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर थाना रावजी बाजार क्षेत्र में मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से इंदौर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से चोरी की गई कुल 05 मोटरसाइकिल किमती करीबन 04 लाख रु की बरामद की गई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना चंदन नगर पर पूछताछ कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# एक बार फिर तेंदुए का मूवमेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू के ग्राम मलेंडी में एक बार फिर तेंदुए का मूवमेंट नजर आया। गाड़ी की लाइट चमकते ही तेंदुआ छलांग लगाकर खेत की ओर भागते हुए दिखा। शनिवार देर रात ग्राम मलेंडी से बढ़िया गांव की ओर एक कार चालक जा रहा था। तभी उसकी नजर खेत के पास में एक गड्ढे में पड़ी तो देखा गड्ढे में तेंदुआ बैठा हुआ था। गाड़ी पलटा कर जैसे ही तेंदुए के ऊपर लाइट चमकाई तो तेंदुआ छलांग लगाते हुए खेत की ओर भाग निकला इस दौरान कार चालक ने तेंदुए का फोटो भी ले लिया। मामले की जानकारी लगते ही रविवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पग मार्ग के निशान चेक किया तो तेंदुआ होना ही पाया गया।रेंजर वैभव उपाध्याय ने बताया कि एलाउंसमेंट कर ग्रामीणों को जंगल में जाने से मना किया जा रहा है।

## मंदिर की रेलिंग में फैला करंट, श्रद्धालु की मौत

इंदौर। बारिश के कारण मंदिर की रेलिंग में करंट फैल गया था। उसे हाथ लगाते ही करंट की चपेट में आने से दर्शनार्थी की मौत हो गई। खजराना पुलिस के अनुसार, घटना आइडीए मल्टी स्कीम-134 की है। 29 वर्षीय आशीष शर्मा शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे दुकान बंद कर घर जा रहा था। जाने के पहले वह मल्टी के समीप स्थित मंदिर में दर्शन करने चला गया। रिश्तेदार रोहित के मुताबिक, जैसे ही आशीष ने मंदिर की रेलिंग पकड़ी, करंट की चपेट में आ गया। वर्षा से रेलिंग में करंट उतर गया था। काफी देर तक आशीष बेहोश पड़ा रहा। लोगों ने उसे देखा तो निजी अस्पताल ले गए, लेकिन डाक्टरों ने कहा बचने की संभावना नहीं है। देर रात एमवाय अस्पताल लेकर आए, पर उसे मृत बता दिया। खजराना पुलिस के मुताबिक शव का पीएम करवाया गया है। मर्ग कायम करजांच की जा रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।